## एक नजर में

### नीट परीक्षा शांतिपूर्ण व सफलतापूर्वक संपन्न



**राजगढ़ 03 मई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के मार्गदर्शन में जिले में आयोजित नीट (यूजी) परीक्षा पूर्णत: शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई. जिले में कुल 4 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई. जहां प्रशासन द्वारा सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं. प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा केंद्रवार परीक्षार्थियों की उपस्थिति इस प्रकार रही. पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, राजगढ़ में कुल आवंटित 480, उपस्थित 470, अनुपस्थित 10, पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ब्यावरा में कुल आवंटित 480, उपस्थित 472, अनुपस्थित 8, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, राजगढ़ (जुगलपुरा) में कुल आवंटित 384, उपस्थित 377 अनुपस्थित 7 तथा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में कुल आवंटित 350, उपस्थित 342 तथा अनुपस्थित 8 रही. इस प्रकार कुल मिलाकर परीक्षा में अधिकांश परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हुई. परीक्षा के सफल आयोजन में डिप्टी कलेक्टर डॉ. ज्योति राजोरे, अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी ब्यावरा गोविंद दुबे, अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी राजगढ़ निधि भारद्वाज, एसडीओपी श्री अरविंद सिंह सहित सभी केंद्र अध्यक्षों, पुलिस बल एवं संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही. कलेक्टर डॉ. मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी ने परीक्षा में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार समन्वय एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाए.

### बाल विवाह प्रकरण में शेष आरोपियों की गिरफ्तारी

**राजगढ़ 03 मई, का.** कोतवाली अंतर्गत मोहनपुरा कॉलोनी में प्रकाश में आए बाल विवाह प्रकरण में पूर्व में की गई कार्यवाही के क्रम को आगे बढ़ाते हुए पुलिस द्वारा त्वरित एवं सघन विवेचना कर शेष आरोपियों को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है. प्रकरण में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 की धारा 10 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई थी. विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि आरोपियों द्वारा बालिका के आधार कार्ड में छेड़छाड़ कर उसकी जन्मतिथि में कूटरचना करते हुए अवैध रूप से विवाह संपन्न कराने का प्रयास किया गया. आरोपी लालसिंह पिता कालूजी तंवर, उम्र 51 वर्ष, निवासी पुनर्वास मोहनपुरा, राजगढ़, भगवान सिंह पिता मोहर सिंह तंवर, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम पाडलिया, कमल सिंह दांगी पिता रामप्रताप दांगी, उम्र 30 वर्ष, निवासी श्रीराम कॉलोनी, राजगढ़ बायपास, ब्यावरा, गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है. आरोपी कमल सिंह दांगी का पुलिस रिमांड प्राप्त कर उससे पूछताछ की जा रही है.

# 15 दिन से प्यासी कॉलोनी, ग्रामीणों ने संभाली कमान

## नल-जल योजना के दावों की खुली पोल, इधर तकनीकी खराबियों से ब्यावरा में दसवें दिन नल

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 03 मई, सं. सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर जल योजना जमीनी स्तर पर कितनी कारगर है, इसकी बानगी पड़ाना की आवास कॉलोनी में देखने को मिल रही है. यहाँ पिछले 15 दिनों से नल कनेक्शनों में पानी नहीं आने से हाहाकार मचा हुआ है.**

प्रशासन और संबंधित विभाग की अनदेखी से परेशान होकर अंतत: ग्रामीणों को खुद ही फावड़े-कुदाल उठाकर पाइपलाइन सुधारने के लिए मजबूर होना पड़ा.



### 200 घरों में बूंद-बूंद पानी का संकट

आवास कॉलोनी के निवासियों ने बताया कि कुंडलिया डैम परियोजना के तहत घर-घर नल तो लगा दिए गए, लेकिन रखरखाव के अभाव में पिछले दो सप्ताह से मुख्य लाइन में लीकेज है. इस वजह से करीब 200 से अधिक घरों की जलापूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी है. भीषण गर्मी के इस दौर में लोग पीने के पानी तक के लिए तरस रहे हैं.

### जनता ने खुद शुरू की खुदाई और मरम्मत

शिकायतों के बाद भी जब अधिकारियों ने सुध नहीं ली, तो शुक्रवार को ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया. कॉलोनी के इम्तियाज मंसूरी, अनीश शाह, सलीम भाई अंसारी, नरसिंह गुर्जर, कमल मालवीय, मोहम्मद ईशान, जुबेर, शाहरुख भाई, इरफान और जफर भाई सहित अन्य लोगों ने सामूहिक रूप से फावड़े और कुदाल उठाए और लीकेज ढूंढकर उसे दुरुस्त करने का काम शुरू किया.

लोगों का कहना है कि सरकार हर घर जल पहुँचाने का वादा करती है, लेकिन हकीकत यह है कि हमें 15 दिनों से पानी नहीं मिला. विभाग को सूचना देने के बाद भी कोई नहीं आया, इसलिए हम खुद ही लाइन ठीक कर रहे हैं.

ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं. उनका कहना है कि एक ओर जल संकट गहरा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारी दफ्तरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जलापूर्ति सुचारू नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे.

### प्रशासनिक तंत्र फेल, विकल्प भी हुए खत्म

कॉलोनी में जल संकट इतना गहरा गया है कि ग्राम पंचायत की इकलौती टंकी का जलस्तर भी गिर चुका है. जिससे सप्लाई रुक-रुक कर हो रही है. क्षेत्र के अधिकांश निजी ट्यूबवेल सूख चुके हैं और पीएचई के हैंडपंप लंबे समय से कबाड़ में तब्दील हो चुके हैं. निजी टैंकर भी कॉलोनी तक नहीं पहुँच रहे हैं. जिससे लोगों की दैनिक दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो रही है.

## दसवें दिन हुई पेयजल सप्लाई

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 03 मई, का.** नगर में पेयजल सप्लाई का अंतराल काफी बढ़ने से पेयजल संकट गहराने लगा है. सुदामा नगर में रविवार को दसवें दिन पेयजल सप्लाई हो सकी. गौरतलब है कि मई माह के पहले सप्ताह में पेयजल सप्लाई का अंतराल कहीं अधिक बढ़ने से पेयजल संकट गहराने लगा है. सुदामा नगर में दसवें दिन रविवार को पेयजल सप्लाई हुई. जबकि राजगढ़ रोड व अन्य क्षेत्र में रविवार को भी पेयजल सप्लाई नहीं हो सकी. लोग इंतजार करते रहे. पेयजल सप्लाई के बढ़े अंतराल के पीछे नपा द्वारा पूर्व की तरह कुशलपुरा डेम पर विद्युत मोटरों में खराबी एवं बिजली कटौती को कारण बताया जा रहा है.




### सुबह से पानी का इंतजाम करने की चिंता

भीषण गर्मी के समय नगर में पेयजल सप्लाई का अंतराल बढ़ने से पेयजल संकट के हालात निर्मित होने लगे है. आठ से दस दिन का अंतराल होने से घरों में स्टॉक में रखा पानी खत्म होने लगा है. सुबह से ही पानी का इंतजाम करने की चिंता सताने लगती है. दूर दराज जगह स्थित ट्यूबवेल, हेण्डपम्प आदि जल स्त्रोंतो से पानी लाना पड़ रहा है. मई माह के दिनों में ऐसे समय जब आम दिनों की अपेक्षा पानी की आवश्यकता कहीं अधिक होती है पेयजल संकट गहराने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इस संबंध में नपा के पेयजल सप्लाई प्रबंधन का कहना है कि कुशलपुरा डेम पर विद्युत मोटर में खराबी के कारण पेयजल सप्लाई का अंतराल बढ़ा है. जल्द ही व्यवस्था में सुधार होकर पेयजल सप्लाई का अंतराल कम होगा.



# मोहनपुरा डैम में अवैध नावों पर प्रशासन का हंटर

## रायपुरिया घाट पर की गई कार्रवाई, इंजन और सीढ़ियां जब्त

नवभारत न्यूज

**करनवास 03 मई, सं.** पुलिस रविवार को प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने मोहनपुरा डैम क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की. ग्राम रायपुरिया घाट (नेवज नदी) पर बिना अनुमति और बिना सुरक्षा उपकरणों के संचालित हो रहीं तीन नावों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उनके इंजन जब्त कर लिए गए.

जानकारी के अनुसार, एसडीएम ब्यावरा और एसडीओपी प्रकाश शर्मा के निर्देश पर थाना प्रभारी करनवास श्रीमती संगीता शर्मा के मार्गदर्शन में राजस्व और पुलिस की टीम रायपुरिया घाट पहुंची. वहां जांच के दौरान तीन नावें संचालित पाई गईं. चौंकाने वाली बात यह थी कि इन नावों में यात्रियों की जान जोखिम में डालकर संचालन किया जा रहा था और मौके पर लाइफ जैकेट या अन्य कोई भी सुरक्षा उपकरण मौजूद नहीं था. यह जिला कलेक्टर द्वारा जारी आदेशों का स्पष्ट उल्लंघन पाया गया.

इन संचालकों पर हुई कार्रवाई

मौके पर टीम ने बने सिंह सोंधिया, महेश वर्मा, बाबू उर्फ रामप्रसाद रुहेला पर कार्यवाहीं की गई है. राजस्व निरीक्षक शिव सेन के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए टीम ने तीनों नावों के इंजन और नाव पर चढ़ने वाली लोहे की सीढ़ियां जब्त कर ली हैं. जिन्हें करनवास थाने में सुरक्षित रखा गया है. नावें अधिक वजनी होने के कारण उन्हें मौके पर ही रस्सी से सुरक्षित बांधकर मालिकों की सुपुर्दगी में दिया गया है.

**बिना अनुमति संचालन पड़ेगा भारी** पुलिस ने सभी नाव संचालकों को कड़ी चेतावनी दी है कि बिना वैध लाइसेंस और निर्धारित सुरक्षा मानकों (जैसे लाइफ जैकेट, क्षमता से कम यात्री) के नाव का संचालन पूर्णत: प्रतिबंधित है. यदि भविष्य में नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. इस कार्रवाई में थाना करनवास से एएसआई राकेश कुमार बीलरवान, प्रधान आरक्षक राजकिशोर, आरक्षक सुनील सिंह, गौतम, विक्रम और सैनिक सूरज का महत्वपूर्ण योगदान रहा.



# नीट परीक्षार्थियों को पेन भी परीक्षा केन्द्र से मिला

## जिले के 4 केन्द्रों पर नीट परीक्षा सम्पन्न

अनवभारत न्यूज

**ब्यावरा/राजगढ़ 03 मई, का. रविवार को जिले के चार केन्द्रों पर नीट परीक्षा सम्पन्न हुई. कड़ी चौकसी के बीच हुई परीक्षा में परीक्षार्थियों को पेन भी परीक्षा केन्द्र पर ही उपलब्ध कराए गये.**

उल्लेखनीय है कि नीट परीक्षा के लिए जिले में चार केन्द्र बनाए गये. राजगढ़ में 3 परीक्षा केन्द्र रहे केन्द्रीय विद्यालय राजगढ़ में 480 परीक्षार्थी, उत्कृष्ट स्कूल में 360 परीक्षार्थी एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज राजगढ़ में 384 परीक्षार्थी तथा ब्यावरा में कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा केन्द्र पर 480 परीक्षार्थी रहे.

राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा

गौरतलब है कि एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष आदि मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर की नीट परीक्षा आयोजित की जाती है.

### ब्यावरा में 8 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

ब्यावरा स्थित कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों की कुल संख्या 480 में से 472 उपस्थित रहे. जबकि 8 अनुपस्थित रहे. परीक्षा कक्ष में आईडी कार्ड, एडमिट कार्ड, पारदर्शी पानी की बॉटल ही परीक्षार्थी को ले जाने की अनुमति रही. परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रहा. प्रात: 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक कड़ी चौकसी के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया.

## मौसम ने बदली करवट

**खिलचीपुर 03 मई, सं.** मौसम ने फिर से अचानक करवट ली. दिनभर 41.5 डिग्री की झुलसाती गर्मी झेलने के बाद शाम होते-होते मौसम कुछ ठण्डा हो गया. बीते दिनों तेज धूलभरी आंधी और तूफान ने हालात बदल दिए. करीब 5 बजे आसमान में काले बादल छाने लगे और कुछ ही देर में तेज हवाओं का दौर शुरू हो गया. करीब 5.30 बजे के आसपास खिलचीपुर, राजगढ़, नरसिंहगढ़ और जीरापुर क्षेत्रों में तेज आंधी-तूफान के साथ धूलभरी हवाएं चलने लगीं. करीब आधे घंटे तक चली इस आंधी ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया. सड़कों पर धूल का गुबार छा गया, पेड़ जोर-जोर से हिलते नजर आए और कई जगह उनकी डालियां टूटकर गिर गईं.

# खबर छपने पर जेसीबी चली, फिर भूले जिम्मेदार

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 03 मई, सं.** सारंगपुर जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरुखेड़ी में बीते एक महीने से नाली चोक होने के कारण गंदा पानी मुख्य सड़क पर फैला हुआ था. इससे गांव का मुख्य आवागमन मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया था. ग्रामीणों की शिकायत के बाद खबर प्रकाशित होने पर सरपंच प्रतिनिधि हरकत में आए. पानी निकासी के लिए जेसीबी से नाली की खुदाई तो करवा दी गई, लेकिन उसे खुला ही छोड़ दिया गया. एक सप्ताह से अधिक बीत जाने के बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं.




बढ़ी परेशानी, रास्ता पूरी तरह बंद

खुली पड़ी नाली और गंदे पानी की बदबू के कारण अब हालात और खराब हो गए हैं. मवेशी, ट्रैक्टर और पैदल आने-जाने वाले लोगों का रास्ता पूरी तरह बंद है. स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है. बदबू और कीचड़ से बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है. ग्रामीणों का आरोप है कि एक सप्ताह बीतने के बाद भी ग्राम पंचायत ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है.

ग्रामीण रामचरण शर्मा, संतोष सेन, मांगीलाल शर्मा, अयूब भाई, आरिफ बेग, आमीन बेग, गोपाल शर्मा, वाहिद, आबिद, शाहिद भाई, भरत राजपूत, समंदर सिंह, विक्रम सिंह, कृष्णपाल राजपूत इत्यादि ने जिला प्रशासन से मांग की है. मामले की जांच कराकर नाली निर्माण का कार्य तुरंत पूरा करवाया जाए और लापरवाह जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो.

# जनगणना के प्रथम चरण का आगाज, छुट्टी के दिन भी डटे प्रगणक

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 03 मई, सं.** जनगणना 2026-27 के प्रथम चरण का कार्य सारंगपुर विकासखंड के ग्राम पड़ाना में शासकीय अवकाश के दिन ही शुरू कर दिया गया. मकान सरलीकरण कार्य के साथ प्रगणक टीमों ने घर-घर जाकर सर्वे शुरू किया. हल्का पटवारी आत्माराम वर्मा के सहयोग से ब्लॉक क्रमांक 197 के प्रगणक आर. राठौर अपनी टीम के साथ नजरिया नक्शा तैयार करने में जुटे रहे. वहीं ब्लॉक क्रमांक 196 के प्रगणक तारीक अंसारी, ब्लॉक 198 के रोड सिंह मालवीय और ब्लॉक 199 के चंद्रेश सक्सेना की टीमें भी क्षेत्र में सक्रिय रहीं. तपती धूप और भीषण गर्मी के बीच शिक्षक सुबह से ही सर्वे में जुटे दिखाई दिए. ड्यूटी पर तैनात प्रगणक का कहना है, शासन के निर्देशानुसार समय सीमा में कार्य पूरा करना है. इसलिए अवकाश के दिन भी ड्यूटी करनी पड़ रही है.



**मकान सरलीकरण कार्य शुरू** प्रथम चरण में मकानों की सूची तैयार करने और मकान नंबरिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रत्येक ब्लॉक का नजरिया नक्शा भी बनाया जा रहा है ताकि अगले चरण में जनगणना का कार्य सुचारू रूप से हो सके. प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि प्रगणकों को सही जानकारी देकर सहयोग करें.




**गोबर का खाद बेचना है**

श्री कृष्ण गौशाला करनवास में गोबर के खाद की नीलामी 10 मई को की जायेगी. इच्छुक व्यक्ति सुबह 10 बजे के पहले संपर्क करें. मो नं 8719966867

गोशाला अध्यक्ष

बिल 6 मई 2026

**खतरा** ▶ पेड़ पौधो से घिरी विद्युत लाइनों में आंधी-बारिश में होते फाल्ट, घंटों गुल रहती बिजली

# हाईटेंशन विद्युत लाइनों पर मंडरा रहा खतरा

### विगत दिवस हाईटेंशन लाइन पर पेड़ की डाली गिरने से 3 घंटे गुल रही थी बिजली

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 03 मई, का. नगर में कई जगह पर हाईटेंशन विद्युत लाइनों को घने पेड़ों ने घेर रखा है, तेज आंधी, बारिश में पेड़ों की डालियां टूटकर विद्युत लाइनों को अपनी चपेट में ले लेती है. फाल्ट के कारण घंटो तक बिजली सप्लाई प्रभावित हो जाती है. अनेक बार इस तरह की घटना के बावजूद नगर में प्रमुख स्थानों पर हाईटेंशन लाइनें पेड़ो की चपेट में है. जिससे आंधी, बारिश में खतरा बना रहता है.**

गौरतलब है कि नगर के महत्वपूर्ण स्थानों एवं घने रहवासी क्षेत्रों से गुजरने वाली 11 के.व्ही. विद्युत लाइन एवं अन्य लाइने पेड़-पौधे एवं डालियों से घिरी हुई देखी जा सकती है. तेज आंधी चलने, जोर की बारिश होने पर कई बार पेड़ की डालियां लाइनों पर गिरने से फाल्ट हो जाता है और कई घंटे तक विद्युत सप्लाई ठप्प हो जाती है.



### 3 घंटे गुल रही थी बिजली

2 मई शनिवार को तेज आंधी के कारण मुल्तानपुरा स्थित 132 विद्युत सब स्टेशन के यहां 33 के.व्ही. लाइन पर पेड़ की डाली आ गिरी तथा सिटी फीडर पर भी फाल्ट होने के चलते दोपहर करीब 2.17 बजे समूचे शहर की बिजली सप्लाई ठप्प हो गई. विभाग की टीम द्वारा फाल्ट की मरम्मत करने के बाद आखिरकार शाम लगभग 5.16 बजे बिजली सप्लाई शुरु हो सकी. इस तरह लगभग तीन घंटे तक बिजली गुल रही. जिसके कारण मोबाईल, इनवेटर डिस्चार्ज हो गये. बिजली आधारित व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हुआ.



### मेंटेनेंस कार्य के दौरान करेंगे व्यवस्थित

विद्युत विभाग कहना है कि मैंटेनेंस कार्य के दौरान विद्युत लाइन को छूने वाली पेड़-पौधो की डालियों की छटाई की जाती है, जल्द ही मैंटेनेंस कार्य कर ऐसी जगह को चिन्हित कर लाइन पर आ रही डालियों की छटवाई कराई जाएगी ताकि भविष्य में आंधी, बारिश के दौरान लाइन को किसी प्रकार का कोई नुकसान न हो.

### मेंटेनेंस के दौरान की जाती है डालियों की छटाई

विद्युत विभाग के द्वारा साल भर ही विभिन्न चरणों में मैंटेनेंस कार्य किया जाता है, मैंटेनेंस कार्य के दौरान विद्युत लाईनों से टच होने वाली पेड़ो की डालियों की छटाई भी की जाती है, बावजूद इसके अनेक स्थानों पर पेड़-पौधो की डालियां विद्युत लाइनों को छू रही है. राजगढ़ रोड, विवेक टॉकीज, ज्योति कॉन्वेंट स्कूल के समीप सहित मुख्य मार्गो, कॉलोनियों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विद्युत लाइने पेड़-पौधो से घिरी देखी जा सकती है.

**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**

OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

B.ed आवेदन प्रक्रिया 2026-27

नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन कौ डे दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक

दस्तावेजों का सत्यापन 04/05/26 से 15/05/26
सीट आवंटन 20/05/26
निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26

विशेष जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.

आवश्यक दस्तावेज-
10वीं, 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेसन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.

संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

04 मई से -04 जून 2026